>

Title: Need to start construction of flyover in Gopalganj town in Gopalganj district, Bihar-Laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज):मैं आज इस सदन के माध्यम से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान एन.एच.28 की ओर दिलाना चाह रहा हूँ जो कि गोपालगंज जिले में बंजारी मोड़ से हाजियापुर तक गोपालगंज टाउन में एक फ्लाइओवर का निर्माण किया जाना है जिसकी निर्माण अवधि सौपे जाने के बाद 36 महीने है। इस एन एच-28 पर अभी भी बन्द पड़ा काम शुरू नहीं हुआ है जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती है तथा लम्बी दूरी तक जाम लगा रहता है।

महोदय, अगर मंत्री जी के माध्यम से एन.एच.28 के इस फलाईओवर का निर्माण हो जाता है तो इस जिले के विकास में एक बहुत ही बड़ा योगदान होगा तथा दुर्घटना एवं घंटों जाम से आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ-साथ व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि यह East and West Corridor (Golden quadrilateral) का सबसे महत्वपूर्ण मार्ग में गोपालगंज जिला आता है। मैं इस समस्या को माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने लिखित प्रश्न के माध्यम से आकर्षित कर चुका हूँ फिर भी अभी तक काम शुरू नहीं किया गया

अत: इस सदन के माध्यम से मंत्री जी से आग्रह है कि एन.एच.28 गोपालगंज टाउन फलाइओवर के निर्माण का काम यथाशीघ्र शुरू किया जाए।